हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 200 देहरादून, सोमवार, 30 जनवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




छह दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन भी रहा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम 3

# पिछले पांच वर्षों में भारत के पेटेंट पंजीकरण में 50 फीसदी की वृद्धि : पीएम मोदी

## मन की बात



नयी दिल्ली,29 जनवरी (एजेंसी) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में घरेलू स्तर पर दाखिल किए जाने वाले पेटेंट की संख्या विदेशों से दाखिल किए जाने वाले पेंटेंट से अधिक हो गई है और उन्हें विश्वास है कि 'तकनीकी दशक होने का भारत का सपना इन नवोन्मेषकों के दम पर पूरा होगा। मोदी ने नए साल में अपने पहले 'मन की बात कार्यक्रम में कहा कि यह देश की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री प्रौद्योगिकियों के विकास वाले इस दशक के लिए 'तकनीकी दशक शब्द का पहले भी प्रयोग कर चुके हैं। इनमें से बहुत सारी प्रौद्योगिकियां भारत में ईजाद की गई हैं। मोदी ने कहा कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत का विश्व में स्थान सातवां है, जबकि ट्रेडमार्क पंजीकरण में वह पांचवें नंबर पर है।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में भारत के पेटेंट पंजीकरण में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में भारत 2015 में 80वें स्थान के मुकाबले अब 40वें पायदान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि तकनीकी दशक बनने का भारत का सपना उसके नवोन्मेषकों और उनके द्वारा दाखिल किए जाने वाले पेटेंट से पूरा होगा।

मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान ने 2022 में 145 पेटेंट कराए हैं, जो एक शानदार मिसाल है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों में संगीत की दुनिया को मजबूत करने वाले लोगों के अलावा कई आदिवासी या ऐसे लोग शामिल हैं, जो समुदाय के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से विजेताओं के बारे में पढने की अपील की और कहा कि उनकी गाथाएं नयी पीढियों को प्रेरित करेंगी।

## सीएम धामी ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के बच्चों के साथ सुनी पीएम के मन की बात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 29 जनवरी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून के सभागार में संस्थान एवं समाज कल्याण विभाग के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय अधोईवाला के बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी ने मन की बात में गोवा में 06 से 08 जनवरी 2023 को आयोजित पर्पल फेस्ट का जिक्र किया जिसमें 50 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। जिसमें दिव्यांगजनों के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक सराहनीय कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के प्रस्ताव पर ही संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा हर साल 21 जून को योग दिवस एवं वर्ष 2023 को अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष मनाने को मंजूरी मिली। उन्होंने कहा कि राज्य में भी जी-20 के तहत जो दो बैठकें होंगी, उनमें मिलेट के व्यंजन भी परोसे जायेंगे। मिलेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का यह हमारे पास सुनहरा अवसर है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ई-कचरा के सही निस्तारण के लिए प्रधानमंत्री जी ने चिंता व्यक्त की है, ई-कचरे को एकत्रित कर उसकी री-साइकिलिंग के लिए ई-बेस टेक्नोलॉजी को हमें राज्य में बढ़ावा देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा ई-कचरे के लिए रूडक़ी की एटेरो री-साइकिलिंग की ई-बेस टेक्नोलॉजी का जिक्र किया गया। उन्होंने रूडक़ी की एटेरो री-साइकिलिंग की ई-बेस टेक्नोलॉजी द्वारा ई-कचरे के लिए विकसित की गई तकनीक की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय अधोईवाला के बच्चों के साथ प्रधानमंत्री जी की मन की बात सुनकर उन्हें बहुत अच्छा लगा।

## फर्जी डॉक्टर मामला : भारतीय चिकित्सा परिषद के पूर्व अधिकारियों से भी होगी पूछताछ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 जनवरी । फर्जी डॉक्टर मामले में पुलिस भारतीय चिकित्सा परिषद के पूर्व अधिकारियों से भी पूछताछ करेगी। कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से ही फर्जी डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन परिषद में कराया गया था। यह काम 10 साल से चल रहा था। ऐसे में बहुत से अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं।


बता दें कि एसटीएफ ने मामला सामने आने के बाद सबसे पहले परिषद के अधिकारियों से जानकारी मांगी थी, लेकिन कुछ अधिकारियों ने जानकारी देने से इनकार कर दिया। बार-बार पत्राचार भी किया गया, लेकिन उत्तर नहीं मिला। अब जांच पुलिस टीम कर रही है।

पुलिस ने भी अपने स्तर से काफी जांच कर ली है। सामने आ रहा है कि 10 साल पहले इस तरह के रजिस्ट्रेशन की शुरूआत की गई थी। इसमें मिलीभगत के काफी साक्ष्य भी पुलिस को मिल चुके हैं। ऐसे में जल्द ही इन अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की जाएगी।

इमलाख मुजफ्फरनगर का हिस्ट्रीशीटर है। साथ ही कुछ साल पहले उसके खिलाफ गैंगस्टर में भी कार्रवाई की गई थी। जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने उसकी 25 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त करने के आदेश भी दिए थे, लेकिन इमलाख अपनी पहुंच और चालाकी से मामले में स्टे पा चुका है। अब उसकी संपत्तियों की जांच देहरादून पुलिस भी कर रही है। एसपी क्राइम ने बताया कि इमलाख और उसके भाई की करोड़ों की संपत्तियों का पता चल चुका है। ऐसे में जिला प्रशासन मुजफ्फरनगर से दोबारा उसकी संपत्तियों को जब्त कराने की अपील की जाएगी।

## दून में जमकर बरसे बादल, प्रदेश में कई जगहों पर ऑरेंज अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 29 जनवरी । राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के एक बार फिर सक्रिय होने से राजधानी दून समेत पहाड़ तक मौसम का मिजाज बिगड़ गया। रविवार शाम को जहां दून में जमकर बादल बरसे, वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी भी हुई। इससे एक बार फिर लोग कड़ाके की ठंड से कांप उठे। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि मौसम के बदले मिजाज के चलते जहां सोमवार को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर में कहीं-कहीं भारी बारिश और बर्फबारी होगी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों में कहीं-कहीं तेज गर्जना के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने की भी संभावना है।

राजधानी दून में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही ओलावृष्टि की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 15 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास रहेगा। ऐसे में लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बारिश और बर्फबारी के चलते पंतनगर में अधिकतम तापमान 17.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री, मुक्तेश्वर में 17.2 डिग्री और 7.2 डिग्री, टिहरी में अधिकतम तापमान 12 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया।

उधर, रविवार को दून के साथ ही हरिद्वार, रुड़की समेत कई मैदानी इलाकों और पर्वतीय इलाकों में बारिश हुई।

# खेल महाकुंभ : वालीबॉल और बास्केटबॉल में देहरादून बना चैंपियन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 जनवरी । राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ की बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता में देहरादून ने अंडर-14 और अंडर-17 दोनों का खिताब जीता, जबकि अंडर-21 वर्ग में हरिद्वार ने बाजी मारी। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भी देहरादून ने जीत दर्ज की। परेड ग्राउंड में रविवार को वॉलीबॉल बालक अंडर-14 वर्ग में ऊधमसिंह नगर ने चमोली, देहरादून ने नैनीताल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में देहरादून ने ऊधमसिंह नगर को 25-23 और 25-14 से शिकस्त दी।

बालक अंडर-17 वर्ग में नैनीताल ऊधमसिंह नगर को 25-21, 25-22 और देहरादून पौड़ी को 25-12, 25-15 से हराकर फाइनल में पहुंचा। फाइनल में देहरादून ने नैनीताल को 25-18, 25-21 से हराया। बालक अंडर-21 वर्ग में टिहरी ने अल्मोड़ा को 25-20, 25-16 हरिद्वार ने चमोली को 25-19, 25-28, 15-8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में हरिद्वार ने टिहरी को 28-26, 28-26 से हराकर खिताब कब्जाया। उधर, बास्केटबॉल की बालक अंडर-17 वर्ग में देहरादून ने हरिद्वार को 57-54 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। बालक अंडर-21 वर्ग में देहरादून ने हरिद्वार को 55-47 से हराकर खिताब जीता। इस दौरान वित्त नियंत्रक युवा कलयाण भास्करानंद पांडे, उप निदेशक शक्ति सिंह ने विजेता-उपविजेता टीमों को नकद धनराशि, मेडल, ट्रॉफी, प्रमाणपत्र प्रदान किए। मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी हरिद्वार मुकेश भट्ट, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोज कापड़ी, जगदीश नेगी, चतर लाल शाह, प्रदीप सिंह, अनूप चौधरी, संजय शर्मा, सीके नौटियाल, सुरेश बिजल्वाण, संजय गैरोला, किशन डोभाल आदि मौजूद थे।



# बेरोजगारी से परेशान युवक ने पहाड़ी से कूदकर आत्महत्या की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 29 जनवरी । बेरोजगारी से परेशान बैलपड़ाव के युवक ने भीमताल रोड स्थित सुसाइड प्वाइंट की पहाड़ी से कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना के बाद रविवार सुबह भीमताल पुलिस ने खाई में युवक की खोजबीन की। जहां पुलिस को युवक का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार बैलपड़ाव निवासी हरीश सिंह मेहरा (36) पुत्र पूरन मेहरा ग्राम बंदर गौड़ा रोजगार नहीं मिलने से परेशान था। इसी बीच शनिवार शाम को वह अचानक बिना बताए ही घर से लापता हो गया। शनिवार सुबह हरीश मेहरा के भाई ललित मेहरा ने पुलिस थाने में भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच में पता चला कि हरीश की अंतिम लोकेशन शनिवार शाम को भीमताल मार्ग स्थित बोहराकून के पास थी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण भीमताल पहुंचे। रविवार सुबह पुलिस और एसडीआरएफ की टीम बेहराकून स्थित सुसाइड प्वाइंट पर पहुंची। जहां उन्हें एक स्कूटी खड़ी मिली। एसडीआरएफ ने खाई में उतरकर खोजबीन की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद हरीश मेहरा का शव बरामद हुआ। एसआई भुवन जोशी ने बताया कि हरीश मेहरा के भाई मनोज के मुताबिक उसका भाई बेरोजगार होने के कारण कुछ समय से परेशान था। परिजनों के मुताबिक युवक हल्द्वानी डिग्री कॉलेज के सामने फूड वैन में अपना व्यवसाय करता था। कोविड काल में व्यवसाय बंद हो गया। इसके बाद उसने कुछ अन्य कार्य करने का भी प्रयास किया पर सफल नहीं हो पाया। फोन लोकेशन के आधार पर रविवार सुबह बोहराकून में खाई से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

## बेरोजगारी से परेशान युवक ने पहाड़ी से कूदकर आत्महत्या की

हल्द्वानी 29 जनवरी । बेरोजगारी से परेशान बैलपड़ाव के युवक ने भीमताल रोड स्थित सुसाइड प्वाइंट की पहाड़ी से कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना के बाद रविवार सुबह भीमताल पुलिस ने खाई में युवक की खोजबीन की। जहां पुलिस को युवक का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार बैलपड़ाव निवासी हरीश सिंह मेहरा (36) पुत्र पूरन मेहरा ग्राम बंदर गौड़ा रोजगार नहीं मिलने से परेशान था। इसी बीच शनिवार शाम को वह अचानक बिना बताए ही घर से लापता हो गया। शनिवार सुबह हरीश मेहरा के भाई ललित मेहरा ने पुलिस थाने में भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच में पता चला कि हरीश की अंतिम लोकेशन शनिवार शाम को भीमताल मार्ग स्थित बोहराकून के पास थी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण भीमताल पहुंचे। रविवार सुबह पुलिस और एसडीआरएफ की टीम बेहराकून स्थित सुसाइड प्वाइंट पर पहुंची। जहां उन्हें एक स्कूटी खड़ी मिली।

# एमडी यूपीसीएल ने सभी फील्ड इंजीनियरों को दिए निर्देश मौके पर ही हो समस्याओं का निस्तारण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 जनवरी । ऊर्जा निगम के विद्युत समाधार शिविरों में उपभोक्ताओं की समस्याओं के तत्काल निस्तारण पर एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने जोर दिया। सभी फील्ड इंजीनियरों को शिविरों की संख्या बढ़ाने और शिकायतों का तेजी के साथ निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। सभी इंजीनियरों को शिविरों की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। एमडी यूपीसीएल ने बताया कि 23 जनवरी को राज्य स्तर पर विद्युत समाधान शिविरों का आयोजन शुरू हुआ। अभी तक सभी 13 जिलों में 400 स्थान पर शिविर लगाए जा चुके हैं। इन शिविर में 7000 उपभोक्ताओं ने हिस्सा लिया। कुल 2981 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 1704 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

अधिकतर शिकायतें नए बिजली कनेक्शन, बिल गड़बड़ी, मीटर खराब होने से जुड़ी रहीं। इसके अलावा बिजली लाइन शिफ्टिंग, लो वोल्टेज, खराब पोल को बदलने से जुड़ी रहीं। इन सभी शिकायतों का तय समय के भीतर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। इन शिविर में जूनियर इंजीनियर से लेकर मुख्य अभियंता स्तर के अफसरों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही शिविर में स्थानीय विधायक, प्रधान, पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। कहा कि मुख्यालय स्तर पर भी लगातार निगरानी की जा रही है।



> बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का तेजी के साथ निस्तारण किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आने वाली शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **-अनिल कुमार, एमडी यूपीसीएल-**

**उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के आदेशों का हो पालन :** एमडी ने फील्ड के सभी इंजीनियरों को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के निर्देशों का भी गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि मंच के स्तर पर होने वाली सुनवाइ में एसडीओ स्तर के अफसर अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करें। आयोग के आदेशों का पूरी तरह पालन किया जाए। सुनवाई के दौरान पूरी तैयारी के साथ भाग लिया जाए। जरूरत पडने पर पैनल के वकीलों की भी मदद ली जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार

हल्द्वानी 29 जनवरी। कोतवाली पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि रविवार को एसआई मनोज सिंह अधिकारी पुलिस बल के साथ कोसी रोड पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान परवेज निवासी होली चौक बंबाघेर की तलाशी लेने पर उसके पास से 35 नशे के इंजेक्शन मिले। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चोरी करते एक धराः पुलिस ने एक व्यक्ति को दुकान से चोरी करते हुए गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सरताज निवासी भवानीगंज की वेल्डिंग की दुकान है। रविवार को रेलवे कॉलोनी निवासी सन्नी उनकी दुकान से 15 लोहे के सरिए के टुकड़े चोरी कर रहा था। इसी दौरान उसे पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लामाचौड़ चौराहे पर 31 जनवरी को लगेगा ऊर्जा निगम का शिविर

हल्द्वानी 29 जनवरी । खराब मीटरों को बदलने, गलत बिलों को ठीक कराने और नए बिजली कनेक्शन के लिए उर्जा निगम शिविरों का आयोजन कर रहा है। अधिशासी अभियंता डीडी पांगती ने बताया कि 31 जनवरी को लामाचौड़ चौराहे पर शिविर लगेगा। उपभोक्ता यहां अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

### एक दर्जन लोगों ने ली भीम आर्मी की सदस्यता

हल्द्वानी 29 जनवरी । भीम आर्मी की बैठक रविवार को गोलछा कंपाउंड स्थित जिला कार्यालय में हुई। जीआर टम्टा की अध्यक्षता और नफीस अहमद के संचालन में हुई बैठक में एक दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य शोषित और वंचित समाज के हकों की रक्षा संवैधानिक तरीके से करना है। सिराज अहमद, सुलेमान मालिक, इशरतउलाह सैफी, हरीश लोधी, विकास कुमार, रितिक कांत, असलम खान, आफताब अहमद, बबलू, ललित बहेलिया, मोहम्मद आसिफ, दीपक कश्यप, मोहम्मद उवैस अंसारी, मोहम्मद राशिद रजा, मोहम्मद शाकिर खान, आकाश जायसवाल, तहसीम हुसैन, असलम खान, मोहम्मद अय्यूब, आदि मौजूद रहे।

### ट्यूशन गया छात्र लापता

हल्द्वानी 29 जनवरी । घर से रविवार को ट्यूशन के लिए गया एक छात्र रहस्यमय तरीक़े से लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर छात्र को खोजने की गुहार लगाई है। रविवार को गौरव शर्मा पुत्र ब्रजेश शर्मा निवासी बम्बाघेर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र 15 वर्षीय प्रिंस शर्मा घर से ट्यूशन के लिए गया था और शाम तक वापस घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी काफ़ी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। परिजनों को जानकारी जुटाने पर पता चला कि छात्र ट्यूशन से छुट्टी के बाद घर के लिए चला गया था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### उत्थान मंच में शास्त्रीय संगीत का आयोजन

हल्द्वानी 29 जनवरी । पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में रविवार को शास्त्रीय संगीत का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश मौलिखी व पं. चंद्रशेखर तिवारी ने दीप जलाकर किया। इससे पहले स्नेहा व नेहा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद सुरम्या तिवारी ने भजन की प्रस्तुति दी। दीपांकर कोठारी ने राग बागेश्वरी गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। तबले पर इनका साथ रणविजय सिंह ने दिया। नैनी कुमुद ने वायलिन में राग भूपाली व गौरव बिष्ट ने राग मुल्तानी व निर्गुणी भजन गाकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। तबले में संगत स्मित तिवारी ने की। कार्यक्रम में राजेंद्र कोठारी, रवि राणा, छाया तिवारी, विनीता पांडे, मुकेश चंद्र शर्मा, नीरज जोशी, आकाश बेलवाल, आदि मौजूद रहे।

--(ऋषिकेश)डॉक्टर की बजाय पशुधन सहायक पहुंचा गाय का प्रसव कराने, लापरवाही से बछड़े की मौत

ऋषिकेश 29 जनवरी (आरएनएस)। जोगीवालामाफी में गाय का प्रसव कराने के लिए पशु चिकित्सालय से डॉक्टर की बजाय पशुधन सहायक पहुंच गया। लापरवाही से न सिर्फ जन्म लेते ही बछड़े की मौत हो गई, बल्कि गाय ने भी दम तोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक जोगीवालामाफी ग्रामसभा निवासी पन्ना लाल ने रायवाला पुलिस को शिकायत देकर बताया कि गाय के लिए प्रसव के लिए नेपालीफार्म स्थित पशु चिकित्सालय से संपर्क किया, तो पशुधन सहायक पहुंचा गया। प्रसव कराने के दौरान बछड़ा पैदा होता ही मर गया। जबकि, कुछ घंटों बाद गाय की भी मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक पन्नालाल ने इसकी जानकारी प्रधान सोबन सिंह कैंतुरा को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल पर बुलाने के बावजूद पशुधन सहायक नहीं पहुंचा। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, पशु चिकित्साधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पीड़ित पशुपालक ने चिकित्सालय को लिखित शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर गाय का पोस्टमार्टम कराकर मौत की वजह का पता लगाया जाएगा। पशुधन सहायक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से तंग आ चुकी जनताः हरक

ऋषिकेश 29 जनवरी । पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। आए दिन भर्तियों में घोटाले सामने आ रहे हैं। देश महंगाई और युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। रानीपोखरी के थानो में कोठीमय चक पंचायत की प्रधान रेखा बहुगुणा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि अब प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस का होगा, क्योंकि अब जनता भाजपा के राज में भर्ती घोटाले, बेरोजगारी, महंगाई आदि मुद्दों से तंग आ चुकी है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार धरातल पर कोई विकास कार्य नहीं कर रही हैं। भाजपा राज में डोईवाला क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देश में एकता का संदेश दे रही है। कांग्रेस का जनाधार भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों से लोगों को जागरूक करने को कहा। मौके पर रमेश सोलंकी, सागर मनवाल, गौरव सिंह, महेश भट्ट, नितिन रावत, पूर्णानंद तिवारी, धीरेंद्र चौहान, कमल गोला, अब्दुल रज्जाक, शंकर मेहरारू, अजीत पुंडीर, नितिन रावत, रविंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# छह दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन भी रहा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, देहरादून द्वारा ₹गणतंत्र नमन₹ कार्यक्रम के तहतदिनांक 26 जनवरी से 31 जनवरी 2023 तक रेंजर्स ग्राउंड, सेंट थॉमस स्कूल के सामने, देहरादून में आयोजित की जा रही है। छः दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन आज दिनांक 28 जनवरी 2023 को कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री सुनील उनियाल गामा, मेयर, देहरादून द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विभाग की सहायक निदेशक डॉ0 संतोष आशीष एवं श्री धर्मपाल जी द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में गांधी इंटर कॉलेज एवं सी.एन.आई. इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान सारिका राणा, दूसरा स्थान मिहिर रावत एवं तीसरा स्थान विदुषी जोशी ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं विभागीय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय कलाकारों एवं विभागीय पंजीकृत दल द्वारा रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि श्री सुनील उनियाल गामा ने कहा कि हमारा भारत इस वर्ष G-20 की अध्यक्षता कर रहा है यह देश के प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि है। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगाई जा रही इस चित्र प्रदर्शनी से सभी छात्र-छात्राओं को भारत के इतिहास के विषय अनेक प्रकार की जानकारियां लेनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनको परीक्षाओं को एक खेल की तरह लेना चाहिए। परीक्षाओं से भयभीत नहीं होना चाहिए। विभाग द्वारा लगाई जा रही इस चित्र प्रदर्शनी में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश की आजादी की पहली लड़ाई से प्रारंभ होकर देश के आजाद होने तक की पूरी यात्रा को दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत उत्तराखंड के सह-राज्य कर्नाटक की संस्कृति एवं सभ्यता को भी चित्र प्रदर्शनी में दर्शाया गया है।कार्यक्रम के दौरान 26 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन मुख्य मंच पर उत्तराखंड एवं कर्नाटक के सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। चित्र प्रदर्शनी में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही आत्मनिर्भर भारत संबंधी योजनाओं को भी दर्शाया गया है। इस अभियान के तहत केवीआईसी द्वारा लगभग 40 स्टॉल्स लगाए गए हैं जिसमें प्रत्येक प्रदेश की मुख्य उत्पादकता को दर्शाया गया है। साथ ही एमएसएमई द्वारा भी आत्मनिर्भर भारत एवं स्टार्टअप इंडिया से संबंधित लगभग 30 स्टॉल्स इस प्रदर्शनी के दौरान लगाए गए हैं। मतदाता जागरूकता एवं इस वर्ष भारत द्वारा की जा रही जी-20 की अध्यक्षता को भी इस चित्र प्रदर्शनी में दर्शाया गया है।विभाग की सहायक निदेशक डॉ0 संतोष आशीष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से उक्त चित्र प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु आह्वान किया गया, जिससे लोगों को देश की स्वतंत्रता एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।







# स्कूल में अचानक बीमार पड़े 22 छात्र, एक गंभीर दिल्ली रेफर, तीन दिन के लिए स्कूल बंद



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ाः स्कूल के 22 छात्रों के अचानक बीमार पड़ने से क्षेत्र में हड़कंम मच गया। छात्र अचानक बुखार, खांसी और जुकाम से ग्रसित हो गए। हालत बिगड़ने पर एक छात्र को दिल्ली रेफर कर दिया गया। जबकि शिक्षा विभाग ने एहतियातन तीन दिनों के लिए स्कूल बंद करने का निर्णय लिया है।

अल्मोड़ा जिले के स्याल्दे ब्लाक के राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय वल्मरा में 44 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। स्कूल में अचानक 22 छात्र बीमार पड़ गए। छात्रों को सर्दी, जुकाम और बुखार की शिकायत थी। बच्चों में तेजी से संक्रमण फैल रहा था। 22 बच्चे के एक साथ संक्रमण की चपेट में आने से हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि सबसे अधिक सातवीं कक्षा के 14 बच्चे संक्रमित निकले। इस दौरान एक छात्र की तबीयत अधिक बिगड़ने पर स्वजन बच्चे को लेकर भिकियासैंण स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां से रेफर करने पर स्वजन उसे लेकर दिल्ली निकल गए। एक साथ काफी संख्या में बच्चों के संक्रमित निकलने से चिंताएं बढ़ गई हैं।

स्वास्थ्य विभाग बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में जुटा हुआ है तो शिक्षा विभाग ने तीन दिनों के लिए स्कूल बंद करने का निर्णय लिया है। अब यहां मंगलवार तक स्कूल बंद रहेगा। सीएमओ डा. आरसी पंत ने बताया कि मामले का संज्ञान लिया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो शिविर लगाकर बच्चों की जांच की जाएगी। स्वास्थ्य परीक्षण कर स्क्रीनिंग भी की जाएगी।

# उत्तराखंड सरकार अगले दो साल में बनवाएगी 50 हजार पॉली हाउस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि सरकार की अगले दो साल में उत्तराखंड में 50 हजार पॉली हाउस बनाने की योजना है। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मदद से इन पॉली हाउसों का निर्माण करेगी।

मुख्यमंत्री ने योजना पर विश्वास जताते हुए कहा कि पॉली हाउस बनने से उत्तराखंड के किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा। सीएम धामी रविवार को अपने सरकारी आवास में पॉली हाउस में उगाई जाने वाली सब्जियों का निरीक्षण कर रहे थे, तभी उन्होंने किसानों के लिए सरकार की पॉली हाउस बनाने की योजना के बारे में बताया।



# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज, लोकसभा चुनाव की रणनीति पर होगा मंथन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। ऋषिकेश के रायवाला में आज रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। इस दौरान जी-20 के कार्यक्रमों समेत अन्य विषयों पर भी विचार विमर्श होगा।

उत्तराखंड में भाजपा वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से अब तक के प्रत्येक चुनाव में अजेय बनी हुई है। अब उसके सामने लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने की चुनौती है। इसे देखते हुए पार्टी अभी से जुट गई है। इसी कड़ी में पार्टी ने जंबो प्रदेश कार्यसमिति घोषित की है।

अब आज रायवाला में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन होने की संभावना है।



## संक्षिप्त खबरें

### त्रिपुरा चुनाव : भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

नई दिल्ली 29 जनवरी (एजेंसी) । भाजपा ने त्रिपुरा विधान सभा चुनाव के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। त्रिपुरा में होने वाले विधान सभा चुनाव में स्टार प्रचारक के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, किरेन रिजिजू, महेश शर्मा और संबित पात्रा चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। भाजपा ने त्रिपुरा के वर्तमान मुख्यमंत्री माणिक साहा और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू को भी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है। फिल्म अभिनेत्री एवं लोक सभा सांसद हेमा मालिनी , मनोज तिवारी और मिथुन चक्रवर्ती को भी त्रिपुरा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया गया है। पार्टी ने महेंद्र सिंह, प्रतिमा भौमिक, जिष्णु देव वर्मा, दिलीप घोष, दुष्यंत गौतम, तेजस्वी सूर्या, लॉकेट चटर्जी, शुभेंदु अधिकारी को भी अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है।

### नकली शराब बेचने के आरोप में शख्स को 10 साल की जेल

मुरादाबाद 29 जनवरी (एजेंसी) । मुरादाबाद की एक अदालत ने 43 वर्षीय एक व्यक्ति को 25,000 रुपये के जुर्माने के साथ 10 साल कैद की सजा सुनाई है। दोषी को यूरिया और अन्य जहरीले पदार्थों से बनी नकली शराब बेचने के आरोप में 12 साल बाद सजा सुनाई गई। आरोपी सोम पाल को फरवरी 2011 में शहर के सिविल लाइंस इलाके में 5 लीटर नकली शराब के साथ पकड़ा गया था। शराब का एक प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया था और इसमें यूरिया की अत्यधिक मात्रा के कारण इसे मानव उपभोग के लिए खतरनाक करार दिया गया था। अदालत में पेश सबूतों के आधार पर जज ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने पाल को दोषी करार दिया।

अतिरिक्त जिला सरकारी वकील कौशल गुप्ता ने कहा, सोम पाल को सब-इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने नकली शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

### कानपुर चिड़ियाघर में चोरी, 6 लाख उड़ाए

कानपुर 29 जनवरी (एजेंसी) । चिडियाघर में अपनी तरह की पहली चोरी में बदमाशों ने कानपुर के एलन फॉरेस्ट जू के कैश रूम से ढाई चंटिल वजनी तिजोरी उड़ा ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक तिजोरी में 6 लाख रुपये रखे हुए थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चिडियाघर के वरिष्ठ अधिकारियों के इनपुट के आधार पर कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। चिडियाघर के अधिकारियों ने पुलिस को बताया कि आगंतुकों से होने वाली आय को परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन के कैश रूम में एक तिजोरी में रखा जाता है। अधिकारियों ने कहा, जब अतिरिक्त नकदी होती है, तो इसे चिडियाघर के खजाने में जमा कर दिया जाता है। लगभग एक सप्ताह में की गई कमाई को तिजोरी में रख दिया जाता है और बाहर से ताला बंद कर दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पहली बार है जब किसी चिडियाघर से चोरी की सूचना मिली है।

### मेरठ में राष्टगान के अपमान के आरोप में युवक गिरफ्तार

मेरठ 29 जनवरी (एजेंसी) । उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रेलवे रोड पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो की जांच के बाद राष्टगान के अपमान के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अदनान के रूप में हुई, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने रविवार को दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, शुक्रवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें लडक़ों का एक ग्रुप राष्टगान का अपमान करता नजर आ रहा है। लडक़े छत पर साउंड सिस्टम लगाकर राष्ट्रगान को सलामी देते हुए शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में नजर आ रहे हैं। कुछ सेकंड सलामी देने के बाद युवक अपनी जैकेट पकडक़र राष्ट्रगान के बीच में ही डांस करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो गणतंत्र दिवस पर बनाया गया था और शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक चंद्र यादव ने रविवार को कहा, हमने मामले की जांच कर वीडियो के आधार पर एक आरोपी की पहचान करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। एएसपी ने कहा कि हमने तीन आरोपियों के खिलाफ रेलवे रोड थाने में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पिस्तौल गायब होने पर एसआई निलंबित

लखनऊ 29 जनवरी (एजेंसी) । कारतूस के साथ सर्विस पिस्टल गायब होने के बाद पुलिस सब-इंस्पेक्टर इरशाद अहमद को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। घटना 23 जनवरी की है, लेकिन मामला शनिवार को सामने आया। इस संबंध में यूपी 112 बाराबंकी के इंस्पेक्टर संजीव कुमार यादव ने मामला दर्ज कराया है। यादव ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी एस-1 इरशाद अहमद मसौली थाने में तैनात पीआरवी में तैनात है। 23 जनवरी को यूपी 112 को संदेश मिला कि वह बाराबंकी के सफेदाबाद केवाड़ी मोड़ पर बेहोश होकर गिर गया है और वहां एक पीआरवी पहुंची। शिकायतकर्ता ने कहा, इरशाद ने टीम को बताया कि उसे अचानक चक्कर आया और वह बेहोश हो गया। उसने कहा कि जिस बैग में उसने सर्विस पिस्टल और नकदी रखी थी, वह गायब है। 24 जनवरी को इरशाद ने जांचकर्ताओं को बताया कि वह शाम करीब 6.45 बजे अपने घर से कार्यस्थल के लिए निकला था। 21 जनवरी को पिस्टल व कारतूस से भरा बैग बाइक के पीछे बांध दिया था। उसने इसे लगभग 7.45 बजे गायब पाया, जब वह लखनऊ अयोध्या रोड पर कालिका हवेली के पास था। उन्होने कहा, इरशाद ड्यूटी खत्म होने के बाद शिफ्ट ड्यूटी के प्रभारी को सौंपी जाने वाली सर्विस पिस्टल ले जाने के नियमों का उल्लंघन करने का भी दोषी है।

### टैरर फंडिंग केस : श्रीनगर के राजबाग में हुर्रियत कांफ्रेंस के कार्यालय पहुंची एनआईए की टीम

श्रीनगर, 29 जनवरी (एजेंसी) । आतंकवाद के वित्त पोषण से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम रविवार को यहां राजबाग स्थित हुर्रियत कांफ्रेंस के कार्यालय पहुंची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने दावा किया कि एनआईए इस जांच के तहत हुर्रियत कांफ्रेंस के कार्यालय को सील कर सकती है। हुर्रियत कांफ्रेंस 26 अलगाववादी संगठनों का एक समूह है। इसका गठन 1993 में किया गया था। सरकार द्वारा अलगाववादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के बाद अगस्त 2019 से हुर्रियत कांफ्रेंस का राजबाग स्थित कार्यालय बंद है।

# कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र को लेकर शिवराज, कमलनाथ में नोकझोंक



भोपाल 29 जनवरी। आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच राजनीतिक खींचतान तेज हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर राज्य की जनता से 'झूठे वादे' करने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को उज्जैन में नर्मदा जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, चौहान ने मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ की आलोचना करते हुए कहा कि कमलनाथ एक बार फिर 'बचन-पत्र' (चुनाव घोषणा पत्र) की सूची तैयार कर रहे हैं।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर अपनी 15 महीने की सरकार के दौरान मध्य प्रदेश की जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। चौहान ने कहा, कांग्रेस ने फिर से झूठे वादे करना शुरू कर दिया है। मैं कमलनाथ से बार-बार पिछले विधानसभा चुनाव में किए गए वादों के बारे में पूछूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अनाज के उत्पादन पर बोनस देने का वादा किया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वो भूल गए।

चौहान ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के 'बचन-पत्र' पर प्रतिक्रिया देते हुए ये टिप्पणी की, जो इस साल के अंत में होने वाले हैं। मुख्यमंत्री शिवराज के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कमलनाथ ने कहा, 'मुख्यमंत्री का काम सवाल पूछना नहीं है, बल्कि जनहित में योजनाओं को लागू करना है।' राज्य कांग्रेस प्रमुख ने भी चौहान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के लोगों ने चौहान को विदाई देने का फैसला किया है और फिर उनके पास सवाल पूछने के लिए बहुत समय होगा।

नाथ ने शनिवार को प्रेस से बात करते हुए कहा- अस्थिर दिमाग का व्यक्ति ही इस तरह के प्रश्न पूछ सकता है। मुख्यमंत्री का काम सवाल पूछना नहीं है, बल्कि जनहित में योजनाओं को लागू करना है। अगर हमारी घोषणा जनहित में है तो आप उस पर अमल करें। वैसे आप प्रश्न को कुछ महीनों के लिए सेव कर लें।

पार्टी ने समाज के सभी वर्गों को कवर करते हुए 'बचन पत्र' (चुनाव घोषणापत्र) तैयार करना शुरू कर दिया है। पार्टी ने महिलाओं के लिए अलग 'बचन-पत्र' बनाने का फैसला किया है। इस सप्ताह की शुरूआत में कमलनाथ के भोपाल स्थित आवास पर 'बचन-पत्र' की तैयारी की समीक्षा के लिए एक बैठक बुलाई थी।

# अयोध्या के संत ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का सिर कलम करने पर की इनाम की घोषणा



अयोध्या 29 जनवरी (एजेंसी) । अयोध्या में तपस्वी छावनी के प्रधान पुजारी महंत परमहंस दास ने समाजवादी पार्टी (सपा) के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य का सिर कलम करने के लिए इनाम देने की घोषणा की है। रामचरितमानस पर अपनी टिप्पणी के बाद से मौर्य विवादों में घिर गए हैं। महंत ने हाल ही में रामचरितमानस पर टिप्पणी के लिए बिहार के मंत्री चंद्रशेखर की जीभ काटने वाले को 10 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

दोनों नेताओं की इस टिप्पणी से हिंदू धर्मगुरुओं में नाराजगी है और बीजेपी ने मौर्य को पार्टी से बर्खास्त करने की मांग की है।

इस बीच तुलसीदास के रामचरितमानस के कुछ चौपाइयों पर सवाल उठाने पर सपा नेता मौर्य ने अपने सिर पर इनाम की घोषणा करने के लिए महंतों को आड़े हाथ लिया।

उन्होंने कहा, अगर किसी अन्य धर्म के किसी व्यक्ति ने इस तरह की घोषणा की होती, तो उसे आतंकवादी करार दिया जाता। अब अगर संत और महंत मेरे सिर पर इनाम की घोषणा कर रहे हैं, तो क्या उन्हें आतंकवादी नहीं कहा जाना चाहिए?

रामचरितमानस में कुछ चौपाइयों पर अपने बयान को दोहराते हुए मौर्य ने कहा, क्या मैंने कुछ गलत कहा है कि मुझे अपना बयान वापस लेना चाहिए? मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं, लेकिन किसी भी धर्म या किसी व्यक्ति का अपमान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। मेरी मांग केवल यह है कि महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों के प्रति अपमानजनक कुछ छंदों को हटा दिया जाना चाहिए।

# ऐसे प्रयास कभी सफल नहीं होंगे, बीबीसी डाक्यूमेंट्री पर विवाद के बीच पीएम मोदी की चेतावनी



नई दिल्ली 29 जनवरी(एजेंसी) । गुजरात दंगों को लेकर बनाई गई बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर देशभर में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को सचेत रहने के लिए कहा है। दिल्ली छावनी के करियप्पा मैदान में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एकता का मंत्र ही भारत के लिए श्रेष्ठता हासिल करने का एकमात्र तरीका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के कारण पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। उनकी सरकार ने डिजिटल, स्टार्ट-अप और इनोवेशन क्रांतियों की शुरुआत की है। इससे युवा लाभान्वित हो रहे हैं। यह भारत के युवाओं के लिए नए अवसरों का समय है। हर कोई यह मान रहा है कि भारत का समय आ गया है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में लोगों के बीच खाई पैदा करने की कोशिश की जा रही है। इससे सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'एकता' का मंत्र ही भारत को महान बनाने का एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा, ''आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह आप हैं, भारत के युवा हैं।''

मोदी ने कहा, ''आजाद भारत में पल-पल देश के लिए जीने का रास्ता ही हमें दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाता है। देश को तोडने के कई बहाने ढूंढ़े जाते हैं। भांति-भांति की बातें निकालकर मां भारती की संतानों के बीच में, दूध में दरार करने की कोशिशें हो रही हैं। लाख कोशिशें हो जाएं, मां के दूध में कभी दरार नहीं हो सकती।''

उन्होंने कहा, ''एकता का मंत्र बहुत बड़ी औषधि है, बहुत बड़ा सामर्थ्य है। भारत के भविष्य के लिए एकता का मंत्र ये संकल्प भी है, भारत का सामर्थ्य भी है और भारत को भव्यता प्राप्त करने के लिए यही एक मार्ग है। उस मार्ग को हमें जीना है, उस मार्ग पर आने वाली रुकावटों के सामने हमें जूझना है।''

प्रधानमंत्री का यह बयान गोधरा कांड के बाद 2002 में हुए गुजरात दंगों पर बीबीसी की डॉक्यूमेंटरी को लेकर हो रहे विवाद के बीच आया है। इसे केंद्र सरकार ने देश में प्रतिबंधित कर दिया है। हालांकि, कई शिक्षण संस्थानों में छात्र संगठनों ने डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन को लेकर हंगामा किया है, जिस पर विवाद की स्थिति भी पैदा हुई है।

# विश्व कप में नौंवे स्थान पर रहा भारत

राउरकेला, 29 जनवरी (एजेंसी)। मेजबान देश भारत ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के क्लासिफिकेशन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 5-2 से हराकर टूर्नामेंट में नौंवा स्थान हासिल कर लिया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को जगमग करते हुए अभिषेक (चौथे मिनट), हरमनप्रीत सिंह (11वें मिनट),

शमशेर सिंह (44वें मिनट), आकाशदीप सिंह (48वें मिनट) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट) ने मेजबान टीम के गोल किये। दक्षिण अफ्रीका के गोल सैमकेलो विम्बी (48वां) और मुस्तफा कासिम (60वां मिनट) ने किये।

भारत इस जीत के साथ घरेलू सरजमीन पर हुए टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के साथ नौंवे स्थान पर रहा। दक्षिण अफ्रीका ने वेल्स के साथ 11वां स्थान साझा किया। नौवां स्थान हासिल करने की होड़ में भारत ने पहले मिनट से ही दक्षिण अफ्रीकी अर्द्ध में जगह बनाना शुरू कर दी। उन्हें इसका फल चौथे मिनट में तब मिला जब अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीकी अर्द्ध में गेंद को पाकर उसे नेट में दाग दिया। इस चर्टर में भारत विपक्षी टीम के लिये बहुत तेज साबित हुआ और उसने कई प्रयासों के बीच 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया। हरमनप्रीत ने इस कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल की बढ़त लेने के बाद भारत ने दूसरे




चर्टर में आक्रामकता के साथ तीन पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये, हालांकि वह हाफ टाइम से पहले स्कोरबोर्ड में और कोई बदलाव नहीं कर सका। हाफ टाइम के बाद दक्षिण अफ्रीका ने बेहतर खेल दिखाते हुए पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। अमित रोहिदास को 33वें मिनट में येलो कार्ड देखकर 10 मिनट के लिये फील्ड से बाहर जाना पड़ा, जिसके कारण भारतीय रक्षण से एक खिलाड़ी कम हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने इसी मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, जबकि 35वें मिनट में वह फील्ड गोल करने के करीब आया। भारतीय रक्षण ने हालांकि दोनों बार गेंद को नेट तक नहीं पहुंचने दिया।

चर्टर खत्म होने से ठीक पहले शमशेर ने भारत को तीसरी सफलता दिलाई। अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीकी अर्द्ध में हवाई पास लेकर गेंद को शमशेर तक पहुंचाया, जिसने गेंद को नेट में दागकर भारत का स्कोर 3-0 कर दिया। मैच के अंतिम 12 मिनटों में आकाशदीप और सुखजीत ने भारत के लिये गोल किये। दक्षिण अफ्रीका के दोनों गोल भी इसी दौरान आये, लेकिन ये गोल सिर्फ जीत-हार का अंतर ही कम कर सके।

# धोनी से सीखा शांत रहना, खुद पर भरोसा करना : जादरान

शारजाह 29 जनवरी। एमआई अमीरात इंटरनेशनल लीग टी-20 में ताबड़तोड़ प्रदर्शन के बूते टूर्नामेंट के स्टार खिलाड़ी बन कर उभरे अफगानिस्तान के नजीबुल्लाह जादरान ने भारत के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अपना आदर्श बताया है।

जादरान ने रविवार को डिजर्ट वाइपर्स के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैं धोनी को अपना आदर्श मानता हूं। कोई भी पारी का अंत उस तरह नहीं कर सकता जैसा वह करते थे। मैंने उनसे सीखा। मैंने 2015 के विश्व कप में धोनी से बात की थी, जहां उन्होंने मुझे शांत रहने और दबाव की स्थिति में भी खुद पर विश्वास रखने के लिये कहा था। मैं अब भी उस सलाह पर विश्वास करता हूं और उसका पालन करता हूं।

अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में इससे पहले एमआई अमीरात को वाइपर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। अफगान स्टार नजीबुल्लाह जादरान ने जीत का भरोसा जताते हुएकहा कि अमीरात ने पिछली हार से सबक लिया है और अब वह रविवार को होने वाले मुकाबले में वापसी को तैयार है।

अफगानिस्तान के 29 वर्षीय हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, सभी मैच महत्वपूर्ण होते हैं।



हमारा लक्ष्य शीर्ष दो में स्थान बनाना है। यहां से हमें अब हर मैच जीतना होगा। मुझे अपनी टीम पर भरोसा है कि वह यह कर सकेगी।

आईएलटी20 में जादरान ने दुबई कैपिटल्स के खिलाफ 22 जनवरी को खेले गये मैच में मात्र नौ गेंद पर 30 रन ठोक कर सनसनी फैला दी थी।

उन्होंने इस पारी के बारे में कहा, मुझे शारजाह में खेलना पसंद है। यह हमारा घरेलू मैदान है। मैंने शारजाह में काफी खेला है, जहां आपके पास दो तरह की पिचें होती हैं। गेंद एक पिच पर नीची रहती है, लेकिन दूसरी में आपके पास अपने शॉट खेलने का लाइसेंस होता है, वह भी छोटी बाउंड्री के साथ। शारजाह में खेलने में मजा आता है।

एमआई अमीरात फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। एमआई अमीरात ने अब तक तीन मैच जीते हैं। अमीरात की कोशिश रविवार को जीत के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने की होगी।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेंगे टॉप्स एथलीट

नयी दिल्ली 29 जनवरी,। मध्य प्रदेश में 30 जनवरी से शुरू हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भारत सरकार की 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना' (टॉप्स) के 15 एथलीट मैदान पर उतर कर नवोदित एथलीटों को प्रोत्साहित करेंगे।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि टॉप्स के तहत पहले से ही अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल कर चुके एथलीट यहां जमीनी स्तर के एथलीटों को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करेंगे।

इन खिलाड़ियों में महाराष्ट्र के विशाल चांगमई, मंजिरी अलोन, अपेक्षा फर्नांडीस, आकांक्षा व्यवहारे, हरियाणा की रिद्धि, उन्नति हुड्डा, शिव नरवाल, तेजस्विनी, निश्चल, दिल्ली की पायस जैन और कर्नाटक की रिधिमा वीरेंद्रकुमार एवं यशस्विनी घोरपड़े सहित अन्य एथलीटों के नाम शामिल हैं।

विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, खरगोन (महेश्वर) और बालाघाट के अलावा नयी दिल्ली में होने वाली प्रतियोगिता में करीब छह हजार एथलीट हिस्सा लेंगे। यूथ गेम्स में कुल 27 विधाएं होंगी। इन खेलों के इतिहास में पहली बार वाटर स्पोर्ट्स को शामिल किया जा रहा है। इसके अलावा कैनो स्लैलम, कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसे पानी के खेल भी साथ होंगे।

टॉप्स का मुख्य उद्देश्य एथलीटों को ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक जीतने के लिए वित्तीय सहायता और अन्य सहायता प्रदान करना है। साल 2020 में दस से 12 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को लक्षित करते हुए 2028 में ओलंपिक विजेताओं को तैयार करने के लिये टॉप्स की शुरुआत की गयी थी।

## एरिना सबालेंका ने जीता करियर का पहला ग्रैंड स्लैम, फाइनल में एलिना रिबाकिना को दी मात

मेलबर्न 29 जनवरी, । बेलारूस की एरिना सबालेंका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सांस रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में कज़ाकस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। रॉड लैवर एरिना पर ढाई घंटे से ज्यादा चले महिला एकल मुकाबले में सबालेंका ने गत विंबलडन चैंपियन रिबाकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से मात दी। पहला सेट हारने के बाद सबालेंका ने मुकाबले में शानदार वापसी की और मज़बूत फोरहैंड से खेलते हुए रिबाकिना की मुश्किलें बढ़ाईं। सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 की बढ़त लेने के बाद 40-30 पर मैच पॉइंट हासिल कर लिया। रिबाकिना गेम को 40-40 की बराबरी पर लाईं, लेकिन इससे वह सबालेंका की यादगार जीत को कुछ देर के लिये ही टाल सकीं। सबालेंका ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन और ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। इससे पहले उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन विंबलडन (2021) और अमेरिका ओपन (2021, 2022) में आया जहां उन्होंने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सबालेंका हालांकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन का महिला युगल खिताब 2021 में जीत चुकी हैं।

# पांच दिवसीय हों रणजी के ग्रुप मुकाबले : रहाणे

मुंबई 29 जनवरी, । मुंबई रणजी टीम के कप्तान और भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व उपकप्तान आंजिक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के ग्रुप चरण मुकाबलों को पांच दिन का करने की वकालत की है।

वर्तमान में रणजी ट्रॉफी के चर्टर फाइनल और उसके बाद के चरण के मुकाबले पांच दिन के होते हैं जबकि ग्रुप चरण के मुकाबले चार दिवसीय होते हैं। रणजी के मौजूदा सत्र में महाराष्ट्र के खिलाफ ड्रॉ खेलकर मुंबई टूर्नामेंट से बाहर हो गयी।

रहाणे की टीम को चर्टरफाइनल में पहुंचने के लिये महाराष्ट्र पर जीत या पहली पारी में बढ़त की जरूरत थी। पहली पारी में स्कोर बराबर रहने के बाद मुंबई ने महाराष्ट्र को चौथे दिन ऑलआउट किया और उसे 28 ओवरों में 253 रन की जरूरत थी। अथक प्रयासों के बावजूद मुंबई 58 रन से पीछे रह गयी और 41 बार की




विजेता का रणजी अभियान ग्रुप स्टेज में ही समाप्त हो गया। रहाणे ने चार-दिवसीय प्रारूप पर खिन्नता व्यक्त करते हुए कहा, प्रथम श्रेणी क्रिकेट पांच दिवसीय होना चाहिये। हम पांच दिनों तक टेस्ट मैच खेलते हैं। पांच दिनों में परिणाम की संभावना लगभग तय है और आपको अधिक परिणाम मिलेंगे। चार दिवसीय मैचों में आपको वास्तव में परिणाम नहीं मिलते हैं।

उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता कि इसे कैलेंडर में कैसे फिट किया जा सकता है लेकिन इतना तय है कि पांच दिवसीय क्रिकेट घरेलू क्रिकेटरों को प्रथम श्रेणी क्रिकेट की कठोरता का आदी बना देगा। अगर आप एक सत्र खेलते हैं, तो आप चार दिवसीय मैच बचा सकते हैं लेकिन अगर आपको तीन और सत्रों के लिये कड़ी मेहनत करने के लिये कहा जाता है तो इससे उन्हें बेहतर टेस्ट क्रिकेटरों को विकसित करने का अवसर मिलेगा। पांच दिनों के मैच में गेंद के साथ अनुशासन सरीखे तमाम कारकों का ध्यान रखा जा सकता है। वैसे भी चर्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल पांच दिवसीय होते हैं।

## बीसीसीआई ने वुमेंस प्रीमियर लीग के मुख्य प्रायोजन के लिये बोलियां आमंत्रित कीं

मुंबई 29 जनवरी, । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अगले चार सत्रों के प्रायोजन के लिये बोलियां आमंत्रित की हैं।

बोर्ड ने जारी विज्ञप्ति में कहा, बीसीसीआई वुमेंस प्रीमियर लीग के 2023-2027 सत्रों के मुख्य प्रायोजन के लिये सम्मानित कंपनियों से बोलियां आमंत्रित करता है।

बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा कि इस बोली लगाने की इच्छुक कंपनियों को एक लाख रुपये की राशि अदा करनी होगी, जिसके बाद उन्हें एक नीलामी दस्तावेज़ (आरएफपी) उपलब्ध करवाया जायेगा। इस दस्तावेज़ में नीलामी के लिये पात्र होने की आवश्यकताएं, बोलियां प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, शीर्षक प्रायोजक के अधिकार,दायित्व आदि जानकारियां उपलब्ध होंगी। बोली प्रस्तुत करने की इच्छुक किसी भी पार्टी के लिये आरएफपी खरीदना आवश्यक है। इसके बाद जो पार्टियां आरएफपी में निर्धारित मानदंड को पूरा करेंगी, वही बोली लगाने की हकदार होंगी। बोर्ड ने यह स्पष्ट किया कि केवल आरएफपी खरीदने से कोई पार्टी बोली लगाने का हकदार नहीं हो जायेगी।

# श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर राहुल गांधी ने फहराया तिरंगा

## प्रियंका गांधी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद

श्रीनगर,29 जनवरी (एजेंसी)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के अंतिम पड़ाव पर श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर रविवार को तिरंगा फहराया। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी गाया गया। राहुल गांधी के श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहराने के कार्यक्रम के दौरान लाल चौक को सील कर दिया गया था और आम जनता की आवाजाही रोक दी गयी थी। राहुल गांधी के साथ इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। कल यात्रा का औपचारिक समापन होगा।

इससे पहले, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा रविवार को अपने अंतिम दिन श्रीनगर के पंथाचौक से आगे बढ़ी। सफेद टी-शर्ट पहने राहुल गांधी ने अपनी बहन एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ पूर्वाह्न पौने 11 बजे पदयात्रा शुरू की। इस दौरान, राष्ट्रीय ध्वज और कांग्रेस का झंडा थामे कांग्रेस के हजारों समर्थक भी राहुल और प्रियंका के साथ चलते हुए नजर आए। 'भारत जोड़ो यात्रा 7 किलोमीटर की दूरी तय कर श्रीनगर के सोनवार इलाके में पहुंची, जहां कुछ देर के विश्राम के बाद राहुल गांधी और प्रियंका लाल चौक सिटी सेंटर रवाना हुए। वहां राहुल गांधी ने तिरंगा फहराया। लाल चौक के बाद 'भारत जोड़ो यात्रा शहर के बुलेवार्ड क्षेत्र में नेहरू पार्क की तरफ बढ़ी, जहां 4,080 किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा का कल समापन हो जाएगा। यह यात्रा 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और देशभर के 75 जिलों से गुजर चुकी है। सोमवार को राहुल गांधी श्रीनगर में एमए रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे, जिसके बाद एसके स्टेडियम में एक जनसभा आयोजित की जाएगी। इस जनसभा के लिए 23 विपक्षी दलों के



## लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान से टकराया पक्षी, बड़ा हादसा टला

लखनऊ,29 जनवरी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एयरपोर्ट पर रनवे में टेकऑफ करने के दौरान विमान से एक पक्षी टकरा गया। हालांकि पायलट की कुशलता के कारण विमान किसी भी प्रकार के हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक घटना के दौरान विमान में लगभग 180 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लखनऊ से कोलकाता जा रही एयर एशिया की फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। इसके बाद पायलट ने बड़ी ही सूझबूझ से विमान में इमरजेंसी ब्रेक लगाया। बताया जा रहा है कि एयर एशिया का ये विमान जैसे ही रनवे से टेकऑफ करने वाला था, उसी समय उसके दूसरे इंजन से पक्षी टकरा गया।

ऐसे में पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर विमान को रोका और तुरंत इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी। यात्रियों को लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया है। फिलहाल यात्रियों को दूसरे विमान से भेजने का प्रबंध किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक विमान में लगभग 180 यात्री सवार थे।

## लखनऊ में बदमाशों ने घर में घुसकर मां-बेटे पर फेंका तेजाब

लखनऊ ,29 जनवरी । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों द्वारा एक मां-बेटे पर तेजाब हमला करने का मामला सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

अधिकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे गोमतीनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने घर में घुसकर विकास वर्मा (16) और उसकी मां अनीता वर्मा (40) के ऊपर तेजाब फेंक दिया। सहायक पुलिस आयुक्त वीरेंद्र विक्रम ने बताया कि मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि मां-बेटे को पहले राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से बाद में उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, हाथ में तेजाब की बोतल ले जाते बदमाशों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## संसद के बजट सत्र में मुफ्त चावल योजना का मुद्दा उठाएगी बीजद

भुवनेश्वर 29 जनवरी (एजेंसी) । ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाला बीजू जनता दल (बीजद) संसद के आगामी बजट सत्र के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 5 किलो मुफ्त चावल योजना को जारी रखने की मांग उठाएगा। पटनायक ने 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए रणनीति तैयार करने के लिए शनिवार को बीजद संसदीय दल की बैठक की।


बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, बीजद सांसद पिनाकी मिश्रा ने कहाः केंद्र द्वारा 5 किलो मुफ्त चावल बंद करने से हमारे समाज के सबसे वंचित तबके के लोग प्रभावित हुए हैं। चूंकि केंद्र योजना पर लगभग 8,000 से 9,000 करोड़ रुपये का बहुत ही कम फंड खर्च करेगा, हम योजना को फिर से शुरू करने की मांग करेंगे। उन्होंने मांग की कि इस योजना को तुरंत फिर से शुरू किया जाना चाहिए क्योंकि इसके बंद होने से न केवल ओडिशा बल्कि पूरे भारत में करोड़ों गरीब लोगों की खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मिश्रा ने कहा कि धान की खरीद पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों से संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने पर अधिक जोर देने को कहा है। बीजेडी नेता ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में एक दबाव समूह बनाने का निर्देश दिया है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस और डीएमके जैसे अन्य दलों के सांसद शामिल हैं, जिन्होंने केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बीजद के कदम का समर्थन किया है।

बीजद ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत ओडिशा के लिए लगभग 4 लाख घरों को मंजूरी नहीं देने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, राजनीतिक कारणों से, केंद्र ने ओडिशा के लिए लगभग 4 लाख पीएमएवाई घरों में कटौती की है।

# दिल्ली के हर घर को मिलेगा नल से साफ और स्वच्छ जल : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, 29 जनवरी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली की जनता को नए भूमिगत जलाशय की सौगात दी। अब इस इलाके में हर घर को नल से साफ और स्वच्छ जल मिलेगा। पटपड़गंज के आनंद लोक सोसायटी के पास आयोजित उद्घाटन समारोह में सीएम अरविंद केजरीवाल ने 110 लाख लीटर क्षमता के नवनिर्मित भूमिगत जलाशय एवं बूस्टर पम्पिंग स्टेशन जनता को समर्पित किया। इससे पांडव नगर, मयूर कुंज, प्रताप विहार, पटपड़गंज गांव व चिल्ला गांव समेत आठ कालोनियों और मयूर विहार फेज-1 की 31 सोसायटियों में जलापूर्ति होगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पटपड़गंज और आसपास के इलाके में लोगों को अब पानी की दिक्कत नहीं होगी। 2015 में दिल्ली में 861 एमजीडी पानी का उत्पादन होता था और आज 990 एमजीडी हो रहा है। ''आप'' की सरकार ने पिछले 7 साल में 129 एमजीडी पानी बढ़ाया है। यह बढ़ा पानी यूपी-हरियाणा ने नहीं दिया, बल्कि हमने ट्यूबवेल्स और रैनीवेल्स के जरिए जमीन से निकाल कर बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 1997-98 में दिल्ली की 80 लाख आबादी के लिए करीब 800 एमजीडी पानी तय हुआ था। आज दिल्ली की आबादी 2.5 करोड़ होने के बाद भी उतना ही पानी मिल रहा है। अगर केंद्र सरकार पड़ोसी राज्यों से दिल्ली को 1300 एमजीडी पानी दिला दे तो मैं 24 घंटे पानी घर-घर पहुंचा दूंगा। हम पड़ोसी राज्यों से और पानी लेने की कोशिश करने के साथ ही अपने स्तर पर भी पानी बढ़ाने के लिए भू-जल रिचार्ज करने समेत अन्य प्रयास जारी रहेंगे। अरविंद केजरीवाल ने पटपड़गंज गांव में 110 लाख लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय (यूजीआर) एवं बूस्टर पम्पिंग स्टेशन (बीपीएस) को जनता को समर्पित किया। आनंद लोक सोसायटी के पास आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने फीता काट कर भूमिगत जलाशय और बूस्टर पम्पिंग स्टेशन का शुभारम्भ किया। इस प्रोजेक्ट के चालू होने से दिल्लीवासियों को 24 घंटे पेयजल मुहैया कराने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन को भी बढ़ावा मिलेगा और पटपड़गंज इलाके के एक लाख से अधिक लोगों को इससे फायदा मिलेगा। इस भूमिगत जलाशय और बूस्टर पम्पिंग स्टेशन के जरिए आठ कालोनियों और मयूर विहार फेज एक की 31 सोसायटियों की जलापूर्ति में वृद्धि होगी। उद्घाटन समारोह के दौरान डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अरविंद केजरीवाल ने इलाके लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यहां 110 लाख लीटर क्षमता का यूजीआर बनकर तैयार हो गया है और आज इसे चालू किया जरा है। इस इलाके में लोगों को काफी कम पानी मिल रहा था। यह पूरा एरिया टे-लैंड पर था। इस एरिया में कम प्रेशर पर कम पानी मिलता था। लोगों को पानी की काफी दिक्कत होती थी। लेकिन अब इस एरिया के लोगों को पानी की दिक्कत नहीं होगी। अब इलाके लोगों के घरों में सीधे पानी आया करेगा। सबके लिए पानी बहुत जरूरी होती है। आज से इस इलाके लोगों की इस समस्या का समाधान हो गया है। यह यूजीआर इस इलाके के आसपास के एक लाख लोगों कवर करेगा। एक तरह एक लाख लोगों की जिन्दगी बेहतर होगी। जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से लेकर आज यह 12वां यूजीआर बन कर तैयार हो रहा है। हम लोग पानी की समस्या को लेकर बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। दिल्ली की आबादी बहुत तेजी से बढ़ी है। पिछली सरकारों ने भी काम किया और हम भी काम कर रहे हैं। दिल्ली में जितनी तेजी से आबादी बढ़ी उतनी ही तेजी से काम होना चाहिए, लेकिन पिछले 70-75 साल में उतनी तेजी से काम नहीं हुआ। अब बहुत तेजी से काम हो रहा है। हमारे सामने बहुत बड़ी चुनौती है और हम कोशिश कर रहे हैं कि पिछले 75 साल में जो कमी रह गई, उसको पूरा कर सकें। दिल्ली देश की राजधानी है। इसलिए कम से कम दिल्ली में पानी की आपूर्ति सबसे अच्छी होनी चाहिए। विदेशों और देशभर से लोग दिल्ली देखने के लिए आते हैं, उनको भी लगना चाहिए कि दिल्ली में पानी की बहुत अच्छी व्यवस्था है।



## दिल्ली सरकार के स्कूलों में मेंटल मैथ्स क्विज प्रतियोगिताएं होगी : मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली , 29 जनवरी(आरएनएस)। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में मेंटल मैथ्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसकी जानकारी दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने देते हुए कहा कि रोहिणी सेक्टर 11 स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में स्टेट लेवल मेंटल मैथ कम्पटीशन 2022-23 में शामिल होकर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मेंटल मैथ प्रतियोगिता के साथ-साथ विद्यालय में टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें दिल्ली सरकार के स्कूल के शिक्षकों द्वारा बनाए गए गणित के विभिन्न शैक्षिक मॉडल प्रदर्शित किए गए। मनीष सिसोदिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा, मैं दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्रों के गणितीय और तार्किक कौशल को देखकर चकित हूं। शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित मेंटल मैथ प्रतियोगिता बिना किसी कैलकुलेटर के मन में ही गणना करने की आदत डालने की दिशा में एक बहुत ही अभिनव कदम है। इससे छात्र अधिक तत्पर, आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से चुस्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज आयोजित मेंटल मैथ प्रतियोगिता में हमारे छात्रों के प्रदर्शन से पता चलता है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्र अब किसी से कम नहीं हैं।मनीष सिसोदिया ने कहा कि अंग्रेजी, हिन्दी और इतिहास जैसे अन्य विषयों की तरह गणित भी उतना ही मनोरंजक है और इस तरह की प्रतियोगिताएं इसे और मजेदार बनाती हैं। "छात्र अक्सर गणित से डरते हैं लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे भी छात्र है जो इससे डरते नहीं है बल्कि इसका आनंद भी लेते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल में गणित सीखने के लिए इस तरह के मस्ती भरे माहौल की पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, लेकिन हमारे छात्रों और शिक्षकों ने इसे अब एक वास्तविकता बना दिया है,"।मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और उन्हें अपने दैनिक जीवन में गणना करने में अधिक तत्पर बनाती हैं। इससे छात्रों को गणित के डर को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह विषय आपके करियर बनाने का प्रवेश द्वार या विज्ञान की दुनिया में प्रवेश करने का प्रवेश द्वार नहीं है। यह आपके अपने जीवन में प्रवेश करने का प्रवेश द्वार है। उन्होंने कहा कि यह मानव मस्तिष्क के तारों को सक्रिय करता है और आपको अधिक तार्किक और नवीन रूप से सोचने पर मजबूर करता है। सिसोदिया ने कहा ने अब शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतरीन शिक्षक व टैलेंटेड बच्चों के साथ दिल्ली सरकार के स्कूलों की प्रतिस्पर्धा निजी स्कूलों या देश के अन्य स्कूलों से नहीं बल्कि दुनिया के स्कूलों से है। हमारे दिल्ली सरकार के स्कूलों में ऐसा माहौल बनाने का हमारा दृढ़ संकल्प है, जो किसी भी टॉप क्लास प्राइवेट स्कूल के छात्र को दिया जाता है। अब जबकि हमारे पास विश्व स्तरीय स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर है, हमारे छात्र निजी स्कूलों के छात्रों के बराबर हैं, हमारे शिक्षक वहां के शिक्षकों के बराबर हैं, यह दुनिया के स्कूलों को चुनौती देने का समय है।

# एएसआई ने ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री पर दागीं गोलियां, शहर में तनाव

भुवनेश्वर,29 जनवरी (एजेंसी) । ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) ने रविवार को राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नव किशोर दास को कथित तौर पर गोली मार दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना जिले के ब्रजराजनगर शहर में अपराह्न करीब 1 बजे के आसपास उस समय हुई, जब दास एक बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। ब्रजराजनगर के एसडीपीओ गुप्तेश्वर भोई ने बताया, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) गोपाल दास ने मंत्री पर गोली चला दी। घटना में मंत्री घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। भोई ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आरोपी एएसआई को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि एएसआई ने मंत्री पर गोली क्यों चलाई, इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि 4 से 5 गोलियां दागी गयीं। घटना के एक वीडियो में मंत्री दास अचेत नजर आ रहे हैं और उनके सीने से



खून बह रहा है। वीडियो में स्थानीय लोग मंत्री को उठाकर कार की अगली सीट पर बैठाने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। एसडीपीओ के मुताबिक, मंत्री को पहले झारसुगुड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन बाद में 'बेहतर इलाज के लिए उन्हें हवाई मार्ग से भुवनेश्वर के अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। दास पर हमले के बाद शहर में तनाव व्याप्त हो गया। मंत्री के समर्थकों ने उनकी 'सुरक्षा में चूक पर सवाल उठाए। कुछ समर्थकों ने आरोप लगाया कि दास को निशाना बनाने के लिए साजिश रची गई थी। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी एएसआई को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि घटना की गहन जांच के बाद ही और जानकारियां सामने आ पाएंगी।

# देश में कोविड के 109 नए मरीज आए सामने

नई दिल्ली,29 जनवरी । भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 109 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढक़र 4,46,82,639 हो गई है. वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,842 पर बरकरार है.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, गुजरात में संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत के बाद देश में कोविड-19 से जान गंवाने वाले मरीजों की संख्या बढक़र 5,30,740 हो गई है. वहीं, संक्रमण की दैनिक दर 0.07 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक दर 0.08 प्रतिशत दर्ज की गई है.


मंत्रालय के मुताबिक, भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,842 दर्ज की गई है, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है. अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है. भारत में अभी तक कुल 4,41,50,057 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.4 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.

गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे. चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी. पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे.

# दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश, न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली,29 जनवरी (एजेंसी) । राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में रविवार को हल्की बारिश हुई तथा न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी. आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 95 फीसदी दर्ज की गई. आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है. इसके अलावा, मौसम विज्ञानियों ने आसमान में बादल छाए रहने और गरज के साथ छींटे पडऩे का अनुमान जताया है. गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक अंत के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला 'बीटिंग रिट्रीट समारोह' रविवार को विजय चौक पर आयोजित होगा.

## संपादकीय



# बहुत सी खुशनसीबी में कई उदासियां भी

चार्ल्स डिकेंस की एक पंक्ति है- 'यह सबसे अच्छा समय था, यह सबसे बुरा समय था.' भारतीय गणतंत्र के सफर को देखें, तो कुछ ऐसी ही तस्वीर बनती है. हमने गणतंत्र बनने के बाद बीते सात दशक में कई तरह की बाधाओं को पार किया, लेकिन अब भी कई कठिनाइयों से जूझ रहे हैं. अगर सिर्फ महिलाओं की पिछले सत्तर वर्षों की यात्रा पर नजर डालें, तो यह एक शानदार समय रहा, पर कठिन भी. कुछ कठिनाइयां आज भी समाज और सत्ता में बरकरार हैं. यह समय खुशनसीब इन अर्थों में रहा कि महिलाओं ने सदियों के अंधेरे को पार किया. पर्दा प्रथा, बाल विवाह, दुखदायी वैधव्य जैसी कुप्रथाओं से उबर कर महिलाओं ने पढ़ने-लिखने, नौकरी करने की आजादी हासिल की. आज स्त्री की पहचान मां, पत्नी, बहन और बेटी के दायरे से बाहर निकल कर स्वतंत्र, आर्थिक रूप से सक्षम और अपने फैसले खुद करने वाली सशक्त स्त्री की है. इस अवधि ने इंदिरा गांधी को देखा, मदर टेरेसा को देखा, मृणाल गोरे और मेधा पाटकर को देखा. पुरुष केंद्रित समाज में महिलाओं ने लगातार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी जगह बनायी. अंततः 2020 में सेना में भी महिलाओं को स्थायी कमीशन मिला. मोबाइल और इंटरनेट क्रांति से महिलाओं को दुनिया से संवाद करने, अपने विचार रखने, मुद्दे उठाने के लिए एक प्लेटफार्म मिला. लेकिन इन दशकों ने महिलाओं पर गजब के कहर भी ढाये हैं. देश ने निर्भया कांड देखा, हाथरस की घटना देखी, सोनी सोरी के साथ हुई अमानवीयता देखी. महिलाओं के साथ होनेवाली हिंसा की अनगिनत घटनाएं हैं. आज भी ग्रामीण इलाकों की महिलाएं संघर्ष कर रही हैं, जहां उनकी आमदनी और स्वास्थ्य का संकट कायम है. मनुष्य विरोधी विकास और बाजारवाद की आंधी ने उन छोटे-मोटे कुटीर उद्योगों को नष्ट कर दिया है, जिसे पहले महिलाएं चलाती थीं. जो महिलाएं पहले एक हुनरमंद बुनकर थीं या खेतिहर थीं, वे आज मजदूरी कर रही हैं या फिर फेरीवाली बन गयी हैं या देह व्यापार में चली गयी हैं. एक बड़ा क्रूर सच यह है कि देह व्यापार में बड़े पैमाने पर इजाफा हुआ है. महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के कठिन जीवन को मैंने नजदीक से देखा है. आदिवासी इलाकों में कई आदिवासी महिलाएं ऐसी मिलेंगी, जिनकी पीठ पर बच्चा और हाथ में कुदाल है. बीते सत्तर सालों में वह बच्चा पीठ से गोदी पर नहीं आया, इससे ज्यादा बदनसीबी और क्या होगी ! आप मछुआरों की बस्ती में जाकर देखें, जो मछुआरने सुबह से शाम तक जाल लिये खड़ी रहती हैं, उनके हाथ में दिन-भर में महज दो से तीन सौ रुपये आते हैं. मजदूर महिलाओं को मिलने वाले मेहनताने का भी यही हाल है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# जब्त होगी सपा विधायक इरफान सोलंकी की 150 करोड़ की संपत्ति

कानपुर। कानपुर के सीसामऊ क्षेत्र से सपा विधायक इरफान सोलंकी की 150 करोड़ की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त होगी। कानपुर से लेकर मुंबई तक अरबों की संपत्ति पुलिस की जांच में सामने आई है। बेनामी संपत्तियों की भी लिस्ट लंबी-चौड़ी है। जो दूसरे के नाम पर खरीदी गई है। गैंगस्टर एक्ट के तहत इन संपत्तियों को अटैच किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक ये संपत्तियां अवैध तरीके से कमाई गई हैं।

कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से सपा विधायक इरफान सोलंकी पर महिला का घर फूंकने के आरोप के बाद पुलिस का शिकंजा कसता चला जा रहा है। पुलिस ने एक महीने के भीतर इरफान के खिलाफ एक के बाद एक गैंगस्टर एक्ट समेत आठ मुकदमे दर्ज किए थे, इसमें दो में चार्जशीट दाखिल हो गई है। छह मामलों में चार्जशीट अंतिम पड़ाव में है। पुलिस 10 फरवरी तक उन मामलों में भी चार्जशीट दाखिल कर देगी।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि इरफान सोलंकी ने अवैध तरीके से अरबों की संपत्ति खड़ी कर दी है। कानपुर विकास प्राधिकरण,नगर निगम और खुफिया इकाई से अब तक करीब 150 करोड़ की संपत्ति का ब्योरा पुलिस के सामने आया है। जल्द ही गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति को अटैच करने की कार्रवाई पूरी की जाएगी। कानपुर,उन्नाव से लेकर मुंबई तक इरफान की संपत्तियां सामने आई हैं।



**कई पार्टनर के नाम प्रॉपर्टी खरीदी**

इसके साथ ही जॉइंट पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इरफान के पास करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्तियां भी सामने आई हैं। इरफान ने अपने कई पार्टनर के नाम प्रॉपर्टी खरीदी है। इसके साथ ही पार्टनरशिप में कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेकर टेनरी और चमड़े का बड़ा कारोबार खड़ा किया है। इरफान की बेनामी संपत्तियों को भी जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

भाई रिजवान के पास कानपुर से लेकर उन्नाव तक करोड़ों की संपत्ति

जॉइंट पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सपा विधायक इरफान के भाई रिजवान भी करोड़ों की बेनामी संपत्ति का मालिक है। उसके पास भी कानपुर से लेकर उन्नाव तक करोड़ों की संपत्ति है। रिजवान उन्नाव का भू माफिया भी है। इसके साथ ही गैंग में शामिल सपा नेत्री के पिता शौकत पहलवान ने भी अवैध तरीके से करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। हिस्ट्रीशीटर इसराइल आटे वाला, मोहम्मद शरीफ की भी करोड़ों की संपत्ति जब्त की जाएगी।

# कुख्यात बदमाश के अरशद बब्बा के घर पर चला प्रशासन का हथौड़ा

भोपाल , 29 जनवरी । बदमाश अरशद वब्बा के टीला जमालपुरा में स्थित घर पर प्रशासन का हथौड़ा चला। अरशद शातिर बदमाश है। उसके खिलाफ 32 संगीन अपराध हैं। हालही में वह जिला बदर उल्लंघन के मामले में जेल से रिहा हुआ था। इसके बाद काजीकैंप, वाफना कॉलोनी में रंगदारी नहीं देने पर दो व्यापारियों पर उसने अपने गैंग के छह साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में एक व्यापारी की उंगली कट गईं। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आया और रविवार दोपहर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका घर तोडऩे की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार विवेक व्यास, नगर निगम अतिक्रमण सहायक अधिकारी नासिर खान सहित भारी पुलिस बल मौजूद है।



अरशद बब्बा ने अपने छह साथियों के साथ मिलकर राजधानी के काजी कैंप इलाके में आधी रात चाय की दुकान पर जाकर कट्टा, चाकू लहराते हुए रंगदारी मांगी। मैनेजर ने मना किया तो दुकान में तोडफ़ोड़ कर चले गए। मामले की शिकायत करने के बाद शनिवार सुबह छह बजे जब मालिक दुकान पर पहुंचा तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर हाथ की अंगुली काट दी थी।

हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय शादाब पुत्र शम्मू खान इंद्रा सहायता नगर, टीलाजमालपुरा में रहता है। उसने शनिवार सुबह थाने पहुंचकर शिकायत कराई थी। उसमें बताया कि टीला जमालपुरा निवासी वसीम खान की काजी कैंप में चाय-नाश्ते की दुकान है। वह दुकान के काउंटर बैठता है। शुक्रवार-शनिवार की रात करीब पौने दो बजे के आसपास वह दुकान पर बैठा था। तभी कुख्यात बदमाश अरशद उर्फ बब्बा, अनस उर्फ दाना अपने छह अन्य साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे और चाय पी। चाय पीने के बाद वे लोग धमकाते हुए कहने लगे कि इलाके में दुकान चलानी है तो पांच सौ रुपए प्रतिदिन या फिर पांच हजार महीना देना होगा। वे लोग कट्टा, चाकू लहरा रहे थे।




# रजनीकांत की फिल्म जेलर में हुई तमन्ना भाटिया की एंट्री

रजनीकांत की आने वाली मूवी जेलर इन दिनों खासा सुर्खियों में हैं। इस मूवी को बीस्ट फिल्म के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार बनाने में लगे हुए है। फिल्म को लेकर बहुत लंबे समय से खासा बज बना हुआ है। अब इस मूवी की स्टारकास्ट में एक और नई एंट्री हुई है। बाहुबली स्टार तमन्ना भाटिया ने आज इंस्टाग्राम के जरिए घोषणा की है कि वो सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर में दिखाई देने आने वाली हैं। इस ऐलान के बाद से ही कॉलीवुड और टॉलीवुड की दुनिया में हंगामा मच गया। अदाकारा तमन्ना भाटिया साउथ फिल्मों की तो बड़ी स्टार हैं ही... साथ ही हिंदी दर्शकों के मध्य भी जाना-माना नाम बन चुकी है। अदाकारा बाहुबली के अलावा हिम्मतवाला, हमशक्ल और एंटरटेनमेंट जैसी मूवी दे चुकी हैं।

खबरों का कहना है कि तमन्ना भाटिया स्टारर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर को मेकर्स पैन इंडिया स्तर पर रिलीज करने जा रहे है। सुपरस्टार रजनीकांत का क्रेज हिंदी भाषी दर्शकों में भी काफी अधिक है।

इतना ही नहीं उनकी रोबोट और 2.0 जैसी मूवीज ने हिंदी सिनेमाई मार्केट में भी तहलका मचाया था। वहीं, तमन्ना भाटिया की भी पैन इंडिया अपील भी की जा चुकी है। जिसका फायदा मेकर्स के इस फिल्म को होने वाला है।

# वेलवेट शॉर्ट ड्रेस पहनकर नेहा मलिक ने दिए सिजलिंग पोज



भोजपुरी इंडस्ट्री की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक नेहा मलिक हमेशा अपने लुक्स के कारण इंटरनेट पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में सुर्खियां बटोरने लगती हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में नेहा मलिक ने इंस्टाग्राम पर बेहद ही सेक्सी अंदाज में फोटोशूट करवाया है जिसमें उनके लुक्स को देख कर लोग अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना पहचाना नाम है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राप पर सांझा की हैं। अभिनेत्री नेहा मलिक ने अपनी इन तस्वीरों में वेलवेट डीप नेक और शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद ही सेक्सी पोज देते हुए स्टेयर्स के पास खड़े होकर एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं। नेहा मलिक आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं का जलवा बिखेर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिका भोजपुरी इंडस्ट्री के साथ-साथ पंजाबी और साउथ इंडस्ट्री में भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के पंजाबी म्यूजिक वीडियोज भी रिलीज होते रहते हैं। नेहा मलिक हर बार अपने लुक्स से इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी हर एक बोल्ड पोज से इंटरनेट पर बवाल मचा देती हैं।

# ईशा देओल अब बड़े पर्दे पर कर रहीं वापसी, मिला अमित साध का साथ

अभिनेत्री ईशा देओल एक बार फिर अभिनय की दुनिया में अपनी सक्रियता बढ़ा रही हैं। शादी करने के बाद उन्होंने धीरे-धीरे फिल्मों से दूरी बना ली थी, लेकिन अब ईशा बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह अमित साध अभिनीत एक फिल्म से फिल्मों में लौट रही हैं। निर्माता प्रदीप रंगवानी की इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। इससे जुड़ी और क्या कुछ जानकारी सामने आई है, आइए जानते हैं।

इस फिल्म में अमित के अलावा, सीमा बिस्वास और तिग्मांशु धूलिया भी अहम भूमिका में हैं। ईशा ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा, इस फिल्म में मेरी भूमिका जीवन में महिलाओं के विकास को दर्शाती है। यह एक मजबूत, लेकिन सरल संदेश देती है कि एक महिला सबकुछ हासिल कर सकती है। उन्होंने बताया, मेरा किरदार प्रभावी रूप से दर्शाता है कि कैसे एक महिला खुद को खोजती है और जीवन में कुछ बड़ा करती है।

अमित की हिट फिल्म काय पो छे को याद कर ईशा ने कहा, अमित हिंदी सिनेमा के कलाकारों की नई पीढ़ी के एक बेहतर और करिश्माई अभिनेता हैं। मैं उनके काम को पसंद करती हूं। ईशा कहती हैं, अमित के साथ काम करने का यह अनुभव एक नया अनुभव होगा और मेरा विश्वास है कि हर अनुभव हमें जीवन में एक बेहतर इंसान बनाने में मदद करता है। मैं उनके साथ इस फिल्म में काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

ना सिर्फ ईशा, बल्कि कई सितारे पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। शाहरुख पठान से पर्दे पर लौट रहे हैं तो अनुष्का की कमबैक फिल्म चकदा एक्सप्रेस है। फरदीन खान विस्फोट तो धर्मेंद्र रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से पर्दे पर लौट रहे हैं।

ईशा ने वेब सीरीज रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस के जरिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर वापसी की थी। इस सीरीज में ईशा ने अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभाया था, जो किसी और के साथ लिव इन में थीं। ईशा ने कहा, मैंने रुद्र में अजय संग काम किया। सुनील शेट्टी के साथ भी एक प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही हूं। इन दोनों अभिनेताओं के साथ काम कर मैं अब अभिनय में फिर से काफी सहज हो चुकी हूं।

2012 में बिजनेसमैन भरत तख्तानी से शादी के बाद ईशा की फिल्मों में सक्रियता काफी कम हो गई थी। शादी के बाद उन्हें मांजा जैसी एकाध तेलुगु फिल्म में देखा गया। अपनी बेटियों राध्या और मियारा के जन्म के बाद ईशा पूरा वक्त बेटियों के साथ बिता रही थीं। बच्चियों की देखभाल करने के लिए वह फिल्मों से दूर रहीं। अब ईशा की बेटियां इतनी बड़ी हो गई हैं कि वह दोबारा फिल्मों में काम करना शुरू कर सकती हैं।

2002 में ईशा ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। कोई मेरे दिल से पूछे उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म के लिए, उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था। इसके बाद उन्होंने ना तुम जानो ना हम, क्या दिल ने कहा, कुछ तो है, एलओसी कारगिल, युवा और धूम जैसी कई फिल्मों में काम किया था। हालांकि, ईशा बॉलीवुड में अपना एक खास मुकाम हासिल नहीं कर पाईं। पिछली बार उन्हें 2007 में फिल्म कैश में देखा गया था।

# पठानः दुनियाभर में बज रहा फिल्म का डंका, तीन दिन में कमाई 300 करोड़ के पार



इन दिनों चारों ओर शाहरुख खान की फिल्म पठान की धूम है। २५ जनवरी को सिनेमाघरों में आई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। ना सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इसने आग लगा रखी है। फिल्म ने तीन दिन में भारत में १५० करोड़ का आंकड़ा पार किया है, वहीं दुनियाभर में महज तीन दिन में यह 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की कमाई के आंकड़ों पर एक नजर।

पठान तीन दिनों में दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 300करोड़ का जादुई आंकड़ा पार करने में सफल रही है। फिल्म के कलेक्शन के शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्टों से यह खुलासा हुआ है। पहले दिन इसने दुनियाभर में १०६ करोड़ रुपये कमाए। दूसरे दिन यानी २६ जनवरी को दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन २ ५ करोड़ रुपये के पार पहुंचा और तीन दिनों में यह आंकड़ा 300 करोड़ पार कर गया है।

पठान पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है। पहले दिन इसने ५५ करोड़ रुपये की कमाई कर केजीएफः २ का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। नॉन हॉलिडे रिलीज होते हुए भी पठान भारत में पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले ५ करोड़ की कमाई के साथ केजीएफः २ ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म थी और अब यह रिकॉर्ड पठान के पास है।

बॉलीवुड में खुशी की लहर है, क्योंकि पिछले कुछ सालों से कई बड़ी हिंदी फिल्मों ने कुछ खास कमाल नहीं किया था। पठान ने बॉक्स ऑफिस पर पड़े सूखे को खत्म कर दिया है। फिल्म का तीन दिनों में 300 करोड़ कमाना सुखद अहसास है।

पठान ने भारत में तो झंडे गाड़े ही हैं, साथ ही अमेरिका में कामयाबी का नया रिकॉर्ड दर्ज करते हुए अवतार २ जैसी फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। दरअसल, जेम्स कैमरून की यह फिल्म पिछले काफी समय से अमेरिका के सिनेमाघरों में राज कर रही थी, लेकिन अब पठान ने इसकी जगह ली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म २५ जनवरी को नॉर्थ अमेरिका में पहले पायदान पर, जबकि अवतार २ दूसरे स्थान पर रही।

सिद्धार्थ आनंद ने कहा, पठान की कहानी का इतिहास बनना, ऐसी शुरुआत हर कोई चाहता है, लेकिन इसकी कोई योजना नहीं बना सकता। यह बस अचानक हो जाता है और जब होता है तो वास्तव में एक बहुत ही विनम्र और शानदार अनुभव होता है। उन्होंने कहा, मैं अभी अविश्वसनीय रूप से अभिभूत महसूस कर रहा हूं और फिल्म के सेट पर वापसी कर दर्शकों के लिए फिर कुछ खास बनाने की कोशिश करने को तैयार हूं।